सैंटा क्लारा काउंटी में प्रारंभिक शिक्षा कार्यक्रम

एक बच्चे का 90% मस्तिष्क 5 साल की उम्र तक विकसित हो जाता है। प्रारंभिक शिक्षा कार्यक्रमों में नियमित रूप से भाग लेने से बच्चे किंडरगार्टन के लिए पूरी तरह से तैयार हो जाते हैं। सैंटा क्लारा काउंटी शिक्षा कार्यालय के पास ऐसे संसाधन हैं जो परिवारों और देखभाल करने वालों को उनकी ज़रूरतों को पूरा करने वाले उचित कार्यक्रम ढूँढने में मदद करते हैं।

कार्यक्रम	**कैलिफ़ोर्निया स्टेट प्रीस्कूल प्रोग्राम (CSPP)**	**प्रारंभ (Head Start)**	**निजी केंद्र और घर***	**ट्रांज़िशनल किंडरगार्टन**
आयु	3 और 4 साल के बच्चे	3 और 4 साल के बच्चे	जन्म से 12 की उम्र तक	4 साल के बच्चे
शेड्यूल	पूरे दिन के विकल्प उपलब्ध हैं	पूरे दिन के विकल्प उपलब्ध हैं	पूरे दिन के विकल्प उपलब्ध हैं	पूरे दिन के विकल्प उपलब्ध हैं
कीमत	परिवार की आय और अन्य कारकों के आधार पर, यह मुफ़्त या कम कीमत वाला हो सकता है	मुफ़्त, परिवार की आय के आधार पर	प्रदाता के अनुसार भिन्न होते हैं, छूट वाले वाउचर उपलब्ध हो सकते हैं,	सभी के लिए मुफ़्त
योग्यता	योग्यता के मानदंडों का पूरा होना ज़रूरी है	योग्यता के मानदंडों का पूरा होना ज़रूरी है	लागू नहीं	सभी के लिए खुला, स्कूल प्रणाली का हिस्सा

**केंद्र और पारिवारिक घर लाइसेंस-प्राप्त या लाइसेंस-मुक्त हो सकते हैं।

(CDE UPK सामग्री के आधार पर)

कैलिफ़ोर्निया स्टेट प्रीस्कूल, हेड स्टार्ट और ट्रांज़िशनल किंडरगार्टन को शोध-आधारित मानकों के आधार पर विकासात्मक रूप से उपयुक्त शिक्षण सामग्री प्रदान करना आवश्यक है। निजी प्रदाता कई प्रकार की शिक्षण विधियों का उपयोग करते हैं। कुछ निजी प्रदाता, सरकार द्वारा वित्त पोषित कार्यक्रमों में लागू की जानी वाली शिक्षण विधियों कापालन करते हैं।

क्वालिटी केयर चेकलिस्ट में उन सवालों की सूची दी गई है जो उचित कार्यक्रम ढूँढते समय परिवार के सदस्य पूछ सकते हैं। क्यूआर कोड स्कैन कर चेकलिस्ट को डाउनलोड करें।

Santa Clara County Office of Education

→

www.enrollsantaclara.org पर और जानें

एक कार्यक्रम खोजें

सैंटा क्लारा चाइल्डकेयर रिसोर्स एंड रेफरल (R&R) कार्यक्रम परिवारों को नीचे दिए गए सभी कार्यक्रम विकल्पों के बारे में मुफ़्त जानकारी प्रदान करता है। R&R कार्यक्रमों का प्रबंधन नहीं करता है।

कैलिफ़ोर्निया स्टेट प्रीस्कूल	**स्थानों और संपर्क जानकारी के लिए कृपया सैंटा क्लारा काउंटी R&R कार्यक्रम से संपर्क करें** **फ़ोन:** 669-212-5437 **ईमेल:** childcarescc@sccoe.org **वेबसाइट:** www.childcarescc.org
प्रारंभ	**सैंटा क्लारा काउंटी शिक्षा कार्यालय, प्रारंभिक शिक्षा सेवा विभाग से संपर्क करें** **फ़ोन:** 408-453-6900 **ईमेल:** HSReceptionist@sccoe.org **वेबसाइट:** https://sccoe.to/ELS
निजी केंद्र और घर	**स्थानों और संपर्क जानकारी के लिए कृपया सैंटा क्लारा काउंटी R&R कार्यक्रम से संपर्क करें** **फ़ोन:** 669-212-5437 **ईमेल:** childcarescc@sccoe.org. **वेबसाइट:** www.childcarescc.org
ट्रांज़िशनल किंडरगार्टन	**अपने स्कूल जिले के नामांकन वेबसाइट पर जाएँ:** https://sccoe.to/MySchoolDistrict

सैंटा क्लारा काउंटी चाइल्डकेयर पोर्टल

सैंटा क्लारा काउंटी चाइल्डकेयर पोर्टल एक ऑनलाइन खोज टूल है जो परिवारों को पूरे सैंटा क्लारा काउंटी में तुरंत लाइसेंस प्राप्त चाइल्डकेयर और प्री-के कार्यक्रम ढूँढने में मदद करता है। वेबसाइट का प्रबंधन सैंटा क्लारा काउंटी शिक्षा कार्यालय के चाइल्डकेयर संसाधन और रेफरल कार्यक्रम द्वारा किया जाता है।

- लगभग 2,000 प्रदाताओं की संपर्क जानकारी उपलब्ध है
- कार्यक्रम की विशेषताओं के आधार पर खोजें
- जानें कि देखभाल के लिए भुगतान करने में सहायता कैसे प्राप्त करें
- जो परिवार अपने खोज परिणामों को सेव/सहेजना चाहते हैं उनके लिए मुफ़्त अकाउंट उपलब्ध है

प्रारंभिक शिक्षण वीडियो

प्रारंभिक शिक्षा कार्यक्रमों के बारे में आमतौर पर पूछे जाने वाले सवालों के जवाब के लिए सैंटा क्लारा काउंटी शिक्षा कार्यालय की प्रारंभिक शिक्षा यूट्यूब/Youtube प्लेलिस्ट पर जाएँ।

विकलांग बच्चों के लिए कार्यक्रम और सहायता

इनक्लूजन कोलैबोरेटिव उन शिक्षकों और परिवारों को मुफ़्त सहायता, संसाधन और रेफरल प्रदान करता है जो विकलांग और विशेष ज़रूरतों वाले बच्चों की सेवा करते हैं।

हमसे संपर्क करें:
408-453-6651
inclusionwarmline@sccoe.org
www.inclusioncollaborative.org

STEPS TO SUCCESS
Enroll. Attend. Learn.

Childcare Resource & Referral
SERVING SANTA CLARA COUNTY

INCLUSION COLLABORATIVE

सैंटा क्लारा काउंटी शिक्षा कार्यालय प्रवासी परिवारों के लिए कार्यक्रम और सेवाएँ प्रदान करता है। अधिक जानकारी के लिए कृपया 669-212-8624 पर संपर्क करें। https://sccoe.to/MigrantEd

गुणवत्तापूर्ण बाल देखभाल

✓ चेकलिस्ट

आपके बच्चे की देखभाल कौन करेगा, यह आपके द्वारा लिया जाने वाला बहुत ही महत्वपूर्ण निर्णय है। उच्च गुणवत्ता वाली बच्चों की देखभाल खोजने में यह चेकलिस्ट आपकी मदद करेगी।

गुणवत्ता महत्वपूर्ण क्यों है

उच्च गुणवत्ता वाले आरंभिक शिक्षा कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चे:

- किंडरगार्टन जाने के लिए बेहतर तरीके से तैयार होते हैं,
- रीडिंग और गणित में बेहतर ग्रेड प्राप्त करते हैं,
- हाई स्कूल की शिक्षा पूरी करने की अधिक संभावना रखते हैं,
- बेहतर वेतन वाली नौकरी प्राप्त करते हैं।

उच्च गुणवत्ता वाले कार्यक्रमों की विशेषताएँ:

- कम बच्चों वाले छोटे ग्रुप (प्रत्येक व्यसक के लिए अधिकतम 3 शिशु, 4 बच्चे या 8 प्रीस्कूल जाने वाले बच्चे)
- सीखने के लिए मज़ेदार गतिविधियाँ और पाठ्यक्रम
- शिक्षकों के लिए निरंतर प्रशिक्षण
- बच्चों की देखभाल का साफ़-सुथरा और मैत्रीपूर्ण स्थान
- कर्मचारियों और बच्चों के बीच सार्थक पारस्परिक व्यवहार
- सहायक, समावेशी कार्यक्रम जो विविध समूह के परिवारों को विकास में मदद करें।

ऐसे विभिन्न प्रदाताओं से मिलें जो केंद्र और घर-आधारित कार्यक्रम प्रदान करते हैं, ताकि आप देख सकें कि इन कार्यक्रमों में क्या-क्या शामिल होता है। आप प्रदाता से कई सवाल भी पूछ सकते हैं। अपने परिवार और बच्चे की ज़रूरतों को पूरा करने वाले उत्कृष्ट कार्यक्रम को खोजने के लिए इस चेकलिस्ट का उपयोग करें।

नीचे दिए गए सवाल पूछें

- ☐ क्या यह कार्यक्रम सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त/लाइसेंस प्राप्त है?
- ☐ क्या यह कार्यक्रम QUALITY MATTERS.... बच्चों के लिए एक STRONG START का हिस्सा है?
- ☐ आपके यहाँ बच्चों के समूह का अधिकतम आकार और शिक्षक-बच्चे का अनुपात क्या है?
- ☐ पाठ्यक्रम और गतिविधियों की योजना कैसे बनाई जाती है?
- ☐ शिक्षक कितने समय से यहाँ काम कर रहे हैं? उन्हें बच्चों के साथ काम करने का कितना अनुभव है? क्या वे कॉलेज के कोर्स या वर्कशॉप के माध्यम से प्रशिक्षण लेते हैं?
- ☐ आप बच्चों के विकास का आँकलन कैसे करते हैं?
- ☐ आप परिवारों को उनके बच्चों की प्रगति और अपने कार्यक्रम के बारे में कैसे सूचित रखते हैं? इसमें माता-पिता किस तरह से भाग ले सकते हैं?
- ☐ आपका कार्यक्रम समस्याग्रस्त या कठिन व्यवहार प्रदर्शित करने वाले बच्चों की मदद कैसे करता है?
- ☐ आप विकलांग बच्चों की कैसे मदद करते हैं?
- ☐ क्या आप कभी बच्चों को बाहर घुमाने के लिए ले जाते हैं?
- ☐ क्या बच्चों के साथ दैनिक दिनचर्या को चित्रों और गीतों के माध्यम से साझा किया जाता है?
- ☐ आपका कार्यक्रम विविध सांस्कृतिक परंपराओं का का जश्न कैसे मनाता है?

निम्नलिखित चीज़ें माँगें

- ☐ माता-पिता के लिए मार्गदर्शिका
- ☐ नामांकन अनुबंध
- ☐ फ़ीस, संचालन के दिन और घंटे, मेन्यू, अनुशासन और स्वास्थ्य संबंधी नियम, दैनिक दिनचर्या और आपदा योजना के बारे में जानकारी।
- ☐ अन्य अभिभावकों के सुझाव

(पीछे की ओर जारी है)

STRONG START Santa Clara County Office of Education · FIRST 5 SANTA CLARA COUNTY · QUALITY MATTERS a STRONG START for kids SANTA CLARA COUNTY

पहली अनुभूति

- ☐ क्या कार्यक्रम में परिवारों के लिए समावेशी माहौल है और क्या आपने वहाँ सहज महसूस किया?
- ☐ क्या बच्चे गतिविधियों में भाग लेते समय ख़ुश हैं या मज़े कर रहे हैं?
- ☐ क्या वयस्कों को बच्चों की देखभाल करना और उनके साथ काम करना अच्छा लगता है? क्या वे बच्चों के साथ घुलते-मिलते हैं और क्या वे हर बच्चे की ज़रूरतों पर ध्यान देते हैं?
- ☐ क्या बच्चे एक-दूसरे के साथ खेल रहे हैं?
- ☐ क्या बच्चों की देखभाल का स्थान साफ़-सुथरा और सुव्यवस्थित है?
- ☐ क्या वहाँ कोई शांत जगह है?
- ☐ क्या आपको लगता है कि आपका बच्चा यहाँ पूरा दिन बिताना चाहेगा?

चाइल्डकेयर और प्रीस्कूल कार्यक्रमों के लिए रेफरल या अपने बच्चे की शिक्षा और विकास का समर्थन करने के तरीके पर संसाधन खोजने के लिए, www.childcarescc.org पर सैंटा क्लारा काउंटी ऑफ़िस ऑफ़ एजुकेशन चाइल्डकेयर पोर्टल पर जाएँ या (669) 212-KIDS (5437) पर कॉल करें।

छोटे बच्चों वाले परिवार, FIRST 5 सैंटा क्लारा काउंटी कार्यक्रमों के बारे में अधिक जानकारी के लिए www.first5parents.org पर जाएँ।

जो शिक्षक और माता-पिता अपने बच्चे के व्यवहार या विकास के बारे में चिंतित हैं, वे सहायता और सुझावों के लिए (408) 453-6651 पर समावेशन सहयोगी वॉर्मलाइन पर कॉल कर सकते हैं। यह लाइन अंग्रेजी, स्पैनिश, वियतनामी और चीनी भाषा में उपलब्ध है।

नोट: